क्षेत्र में चल रहे सफाई कार्यो का आयुक्त ने किया अवलोकन

भिलाईनगर/तान्दुला जलाशय से छोड़े जाने वाले पानी का तालाब भरन के दौरान बेतरतीब बहकर निचली बस्तीयों में जल जमाव की स्थिति न बने तथा आने वाले बरसात में बरसाती पानी का बहाव की निरंतरता को बनाये रखने के लिए सभी जोन क्षेत्र में नालियो की सफाई वृहद स्तर पर किया जा रहा है जिसका आयुक्त स्थल अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दे रहे है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने निगम के अधिकारी कर्मचारियो को समीक्षा बैठक में निर्देश दिये थे, कि 2 से 4 फिट चौड़े नाली तथा नालो की सफाई जे.सी.बी. का उपयोग कर गहराई से किया जाये। इसी तारतम्य में जोन-1 के स्मृति नगर, खम्हरिया, परियापारा, नेहरू नगर, संजय नगर, सुपेला, लक्ष्मीनगर, गदा चौक, जोन-2 के राजीव नगर , वैशालीनगर, शांति नगर, घासीदास नगर, कुरूद, गौरवपथ, पाॅच रास्ता, सुपेला क्षेत्र, जोन-3 के शारदा पारा, नंदनी रोड, मदर टेरेसा नगर, बैकुण्ठधाम, सूर्यानगर, लिंक रोड, पावर हाउस, रविदास नगर, अर्जुन नगर, जोन-4 के खुर्सीपार, चंद्रशेखर आजाद नगर, बापू नगर, डबरा पारा, औद्योगिक क्षेत्र, छावनी एवं जोन-5 के हुड़को आदि क्षेत्रो के नाली एवं नालो का बरसात पूर्व सघन सफाई अभियान चलाया जा रहा है। ताकि बरसाती पानी अथवा तालाब भरन के दौरान बेतरतीब बहने वाले पानी का जल जमाव न हो साथ ही आयुक्त के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा घनी आबादी क्षेत्र में मच्छर के रोकथाम के लिए मेलाथियान का छिड़काव किया जा रहा है। गढ्ढे में जमे पानी पर जला आईल का छिड़काव भी किया जा रहा है। नागरिको को शुद्व पेयजल मिले इसके लिए सभी जोन क्षेत्र के 25-25 अलग स्थानो से पानी का नमूना लेकर जाॅच किया जा रहा है । घर-घर क्लोरिन टेबलेट का वितरण भी किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग का अमला डोर-टू-डोर सर्वे कर यह सुनिश्चित कर रहे है कि डायरिया , पीलिया जैसे जल जनित बिमारी से कोई पिड़ित तो नहीं है, जाॅच में दुषित जल पाये जाने वाले क्षेत्र के पेयजल स्त्रोत का तत्काल उपाय किया जा रहा है। आयुक्त श्री ध्रुव प्रातः क्षेत्र भ्रमण कर कार्य का लगातार मानिटरिंग कर रहे है वे एस.एल.आर.एम. सेंटर में चल रहे कचरा पृथ्थकीकरण का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश भी दे रहे है।